संवाद पत्र
NORTHEAST FRONTIER RAILWAY 1958
पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन
अंक : 49 वर्ष : द्वादश त्रैमासिक जनवरी, 2019

# माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत के सबसे लम्बे रेल सह सड़क सेतु का उद्घाटन



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसंबर 2018 को बहुप्रतीक्षित बोगीबिल पुल राष्ट्र को समर्पित किया तथा इसी सेतु मार्ग से होकर पहली यात्री रेल गाड़ी का भी शुभारंभ किया । उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 94वें जन्मदिवस के मौके पर इस पुल का उद्घाटन कर देशवासियों को एक अनमोल सौगात दी । असम के डिब्रूगढ़ जिले में बना यह पुल देश का सबसे लम्बा तथा एशिया का दूसरा सबसे लम्बा रेल सह सड़क पुल है। ब्रह्मपुत्र नद पर बोगीबील रेल-सह-सड़क सेतु असम के डिब्रूगढ़ शहर से 17 किलोमीटर नदी के प्रवाह की ओर अवस्थित है और यह ब्रह्मपुत्र नद के उत्तरी और दक्षिणी बैंक और असम एवं अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के बीच सभी मौसमों में कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करता है, जिसमें निचले डेक पर डबल डेक रेलवे ट्रैक और ऊपरी डेक पर 3 लेन सड़क समाहित है तथा यातायात की सुरक्षा के लिए फुट-पाथ और क्रैश बेरियर का भी निर्माण किया गया है। सुपर-स्ट्रक्चर का डिज़ाइन अद्वितीय है और इस तरह के बड़े स्पैन के पुल के लिए भारत में पहली बार प्रयोग किया गया है। सुपर-स्ट्रक्चर का डिजाइन यूरोपीय कोड के अनुरूप मैसर्स राइट्स एवं मैसर्स रैम्बोल, डेनमार्क द्वारा किया गया है। पुल के गर्डर्स पूरी तरह से वेल्डेड हैं और पुल के लिए लगभग 80000 मेट्रिक स्टील फैब्रिकेशन प्रयोग किया गया है। मुख्य पुल में 41 स्पैन हैं, जिसकी कुल लंबाई 4.94 कि.मी. है और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 2 सड़क वायडाक्ट हैं।

दोनों उद्घाटन कार्यों में श्री (प्रो) जगदीश मुखी, महामहिम राज्यपाल, असम, श्री सर्बानंद सोनोवाल, माननीय मुख्यमंत्री, असम, श्री पेमा खांडू, माननीय मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश, श्री राजेन गोहेन, माननीय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री, सांसद, विधायक तथा असम के मंत्री परिषद के साथ ही अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।



*संरक्षक*
श्री एन. के. प्रसाद
महाप्रबंधक/निर्माण

*मुख्य संपादक*
श्री बी.एन भास्कर
मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

*संपादक*
श्री एस.जे.मंडल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

*सहयोग*
श्री नव कुमार राय
वरिष्ठ अनुवादक/नि.

# महाप्रबंधक/निर्माण का नव वर्ष संदेश



प्रिय साथियों,

नव वर्ष 2019 के इस शुभ अवसर पर मैं पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। ईश्वर से यह भी प्रार्थना करता हूँ कि पिछले वर्ष की तरह यह नया वर्ष भी रेलकर्मियों तथा रेल परिवारों के लिए सुखमय एवं मंगलमय हो और हम सभी अपने निजी एवं विभागीय कार्यों में ज्यादा से ज्यादा प्रगति करें।

यह बहुत खुशी की बात है कि निर्माण संगठन ने वर्ष 2018 में अपने सभी कार्यक्षेत्रों में शानदार प्रगति की है और सभी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। मुझे विश्वास है कि हमारा संगठन इस वर्ष भी सभी परियोजनाओं को समय पर और सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रयास करेगा। मुझे यह भी आशा है कि हमारे सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने विभागीय कार्यक्षेत्रों में तत्परता और दृढ़ संकल्प से कार्य करते हुए अपने सभी कार्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करेंगे।

आप जानते हैं कि पूर्वोत्तर राज्यों में चल रही विभिन्न राष्ट्रीय परियोजनाओं और उनसे संबंधित गतिविधियों की प्रगति के बारे में नियमित रूप से पिछले 12 वर्षों से संवाद पत्र के माध्यम से भी जानकारी दी जाती रही है। संवाद पत्र का मुख्य उद्देश्य संगठन के विभिन्न कार्यक्षेत्रों और उनकी प्रगति का समय-समय पर लेखा जोखा प्रस्तुत करना है। इसके साथ-साथ निर्माण संगठन मुख्यालय एवं इसकी फील्ड यूनिटों में राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना भी इसका उद्देश्य रहा है।

आइए, इस नव वर्ष में हम सब अपने सरकारी और पारिवारिक कार्यों को निष्ठापूर्वक एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पूरा करने का संकल्प लें। मैं पुन: निर्माण संगठन और आप सभी की समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना करता हूँ।

(एन.के. प्रसाद)
महाप्रबंधक/निर्माण

# रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण

दिनांक 22.10.2018 को बोगीबील रेल सह सड़क पुल परियोजना (7.00 कि.मी.) के उत्तरी एवं दक्षिणी किनारे संपर्क शाखा (34.76 कि.मी.) सहित बोगीबील पुल का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण पूरा किया गया और दिनांक 25.10.2018 को 100 कि.मी. प्रतिघंटे के रफ्तार के लिए प्राधिकार प्राप्त किया गया। अत: बोगीबील परियोजना के संपूर्ण 48 कि.मी. शेष शाखा पूरा कर लिया गया है।



दिनांक 21.10.2018 को तेतेलिया-बर्नीहाट नई लाईन परियोजना (21.50 कि.मी.) के तेतेलिया कमलाजारी (10.00 कि.मी.) शाखा का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया और दिनांक 25.10.2018 को प्राधिकार प्राप्त किया गया।



# राष्ट्रपिता के 150वीं वर्षगांठ का आयोजन



पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 02.10.2018 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वीं वर्षगांठ पर उनको सम्मान व्यक्त करने के सिलसिले में अमीनगांव, गुवाहाटी के इको पार्क में वृक्षारोपण करते हुए एक विशेष सफाई अभियान 'श्रमदान' चलाया गया। "श्रमदान" भारत को स्वच्छ बनाने के लिए एक जन आंदोलन है, जो स्वच्छ भारत अभियान का एक अंश है।

# "राष्ट्रीय एकता दिवस"



दिनांक 31.10.2018 को महाप्रबंधक/नि. कार्यालय में देश की एकता, अखंडता तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से "राष्ट्रीय एकता दिवस" के उपलक्ष्य में एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2018



महाप्रबंधक/निर्माण/मालीगांव कार्यालय में 29 अक्टूबर से 3 नवंबर,2018 तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2018" मनाया गया और दिनांक 29.10.2018 को एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई।

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक






श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण महोदय की अध्यक्षता में पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन), मालीगांव की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 5 नवंबर, 2018 को 16:00 बजे महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का शुभारंभ माननीय महाप्रबंधक (निर्माण) एवं अध्यक्ष महोदय का मुख्य राजभाषा अधिकारी (निर्माण) द्वारा फुलोम गामोछा से स्वागत करने के साथ हुआ ।

तत्पश्चात महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने बैठक 'राजभाषा प्रदर्शनी' का निरीक्षण किया, जिसमें लेखा, भंडार एवं सिगनल एवं दूरसंचार विभाग में हो रहे हिंदी के कामकाज से संबंधित फाइलें प्रदर्शित की गई थी। महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने अपने निरीक्षण के क्रम में लेखा विभाग के फाइलों पर लिखे गए हिंदी नोटिंग की काफी सराहना की और उक्त फाइल पर सबसे अधिक नोटिंग लिखने वाले श्री बी. जी. साहा, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी/नि. को पुरस्कार देने की भी घोषणा की। निरीक्षण करने के पश्चात, उन्होंने हिंदी के महान कवियों के 'फोटो फ्रेम' और त्रैमासिक 'संवाद-पत्र' के 48वें अंक का विमोचन किया। श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सभी विभागाध्यक्ष इस बैठक में बराबर भाग लें और अपने-अपने विभागों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने आगे कहा कि यह काफी सराहनीय है कि राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक तिमाही के दौरान कुछ नया करने का प्रयास किया जा रहा है और विभागों में हो रहे हिंदी के कामकाज को 'राजभाषा प्रदर्शनी' के माध्यम से भी दर्शाया जा रहा है। सभी विभाग, हिंदी में अच्छा काम करने वाले विभागों से प्रेरणा लेकर अपने-अपने विभागों में हिंदी के कामकाज को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करें । महाप्रबंधक/निर्माण महोदय ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के साथ-साथ अन्य मदों जैसे हिंदी में मूल पत्राचार, हिंदी में टिप्पण व प्रारूप लेखन एवं हिंदी डिक्टेशन पर भी राजभाषा की नीतियों के अनुरूप गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि राजभाषा विभाग द्वारा नियमित रूप से 'गूगल वॉयस टाइपिंग' कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिससे अधिकारी एवं कर्मचारी काफी लाभान्वित हुए हैं । यह एक सराहनीय प्रयास है और इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रखें। अपने संबोधन के अंत में, महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने तिमाही के दौरान हिंदी कामकाज के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले विभागों को बधाई दिया और आगे भी इसे वे बरकरार रखें इसकी कामना भी की। बैठक की संपूर्ण कार्यवाही का संचालन श्री रवि भूषण, उप मुख्य बिजली इंजीनियर/नि. एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. ने किया। श्री बी. एन. भास्कर, मुख्य इंजी/नि.-1 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय के मार्गदर्शन में और सभी माननीय सदस्यों के सुझाव को ध्यान में रखते हुए राजभाषा के प्रचार-प्रसार को आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव प्रतियोगिता, 2018

अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव प्रतियोगिता, 2018 में पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन), मालीगांव ने द्वितीय श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। भारत सरकार, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड द्वारा 18 से 20 नवंबर, 2018 तक रेल प्रशिक्षण संस्थान, भुसावल में आयोजित अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव-2018 प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन), मालीगांव की ओर से प्रस्तुत "देवघर के सपने" नामक नाटक को क्रमश: द्वितीय श्रेष्ठ स्थान, श्रेष्ठ संगीत और श्रेष्ठ मेकअप में पुरस्कार मिला। इसी सिलसिले में दिनांक 26.11.2018 को श्री बी. एन. भास्कर, मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) एवं श्री रवि भूषण, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) के नेतृत्व में नाटक दल के सदस्यों ने श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण से औपचारिक मुलाकात की।

इस मौके पर श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने नाटक दल के सदस्यों को हार्दिक बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा कार्यक्षेत्र 'ग' क्षेत्र में अवस्थित होने के बावजूद अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करना अत्यंत गर्व की बात है। श्री प्रसाद ने नाटक दल के सदस्यों के सामूहिक योगदान की काफी सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के प्रयास करते हुए राजभाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने की कामना की। इस नाटक दल में श्री जे. सी. ठाकुरिया (टीम मैनेजर), श्री राजेन दास (लेखक), श्रीमती मुन मुन शर्मा (अनुवाद), श्री मंटू कुमार दास (निर्देशक), श्रीमती अनिन्दिता दास, श्री असीम कलिता, श्री देवकुमार रांगचा, श्रीमती लिपिका दास, सुश्री दर्शना कुमारी, सुश्री विभा कलिता, श्री दिगन्त काकति, श्रीमती देबयानी बोरा आदि शामिल थे। इस मुलाकात के दौरान श्री बी. सी. दास, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/नि. एवं राजभाषा विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# "सरकारी ई-बाजार स्थान (जीईएम) पर राष्ट्रीय मिशन" के अंश के रूप में संगोष्ठी का आयोजन




जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध समस्त साधारणत: उपयोग किए जाने वाले सामग्रियों तथा सेवाओं की खरीदारी सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ताओं के साथ ही विक्रेताओं के बीच जागरूकता लाने के लिए "सरकारी ई-बाजार स्थान (जीईएम) पर राष्ट्रीय मिशन" के अंश के रूप में एक संगोष्ठी सह प्रशिक्षण दिनांक 05.10.2018 को निर्माण संगठन के मुख्य कार्यालय, गुवाहाटी में आयोजित की गई। यह क्रय करने में सुगमता उपलब्ध कराएगी, खरीदारी को सहज, तेज एवं लागत प्रतिस्पार्धात्मक बनाएगी और व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने में भी मददगार साबित होगी।

# भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 62वां महापरिनिर्वाण दिवस समारोह

भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 62 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 06 दिसम्बर, 2018 को पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन मुख्यालय के मुख्य भवन के प्रांगण में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर निर्माण संगठन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

# संविधान दिवस समारोह का आयोजन

पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन, मुख्यालय परिसर में आज अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान दिवस समारोह मनाया। श्री एन के प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण/पूर्वोत्तर सीमा रेल ने हमारे संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा जिसे अन्य अधिकारी और कर्मचारी ने दोहराया। यहां उल्लेख किया जाता है कि इसी दिन 26 नवंबर,1949 को संविधान सभा ने इस संविधान को अपनाने, अधिनियमित करने और इसे हमें सौंपने का ऐतिहासिक कार्य किया था।

# राष्ट्रीय एकता सप्ताह का पालन

पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के अधिकारी और कर्मचारी 19 से 25 नवंबर 2018 तक राष्ट्रीय एकता सप्ताह (कॉमी एकता सप्ताह) मनाया । इस सिलसिले में उन्होंने धर्म, भाषा, क्षेत्र या अन्य राजनीतिक या आर्थिक मामलों से संबंधित सभी मतभेदों और विवादों के निपटारे के प्रति निरंतर शांतिपूर्ण प्रयास और संवैधानिक साधनों से राष्ट्र की आजादी और अखंडता को संरक्षित और मजबूत करने के लिए कभी हिंसा का सहारा न लेते हुए समर्पण के साथ काम करने की प्रतिज्ञा ली। 19 नवंबर, 2018 को श्री आनंद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-2/पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण द्वारा मुख्यालय कार्यालय परिसर में प्रतिज्ञा दिलाई गई।

# राजभाषा के क्षेत्र में निर्माण संगठन की उपलब्धि

वर्ष 2016-17 में अपना अधिकांश काम काज हिंदी में करने के उपलक्ष्ये में अखिल रेल राजभाषा सप्ताह समारोह के अवसर पर रेल मंत्रालय की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के श्री कुलेन्दु नाथ तालुकदार, उप मुख्य इंजीनियर/नि/योजना-1 तथा श्री चेतनाथ जोशी, तकनीशियन-2/बिजली/निर्माण को 3000/- रूपए के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया । निर्माण संगठन उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है ।

# हिंदी में सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार

श्री प्रदीप बारोई, वरिष्ठ लिपिक/निर्माण ने जुलाई-सितंबर 2018 के दौरान अपना अधिकांश कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में निष्पादित किया। महाप्रबंधक/निर्माण ने उनकी इस उपलब्धि पर नकद पांस सौ रूपए प्रदान कर पुरस्कृत किया । निर्माण संगठन उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है ।

# मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि का पदस्थापन



श्री अजय कुमार, मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण की एक वर्ष की कार्यावधि समाप्त होने पर दिनांक 5.10.2018 को श्री बी.एन. भास्कर, मुख्य इंजीनियर/नि/1 ने मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण का पदभार ग्रहण किया ।

# उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि का पदस्थापन



उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण का पदस्थापन श्री रवि भूषण, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण की एक वर्ष की कार्यावधि समाप्त, होने पर दिनांक 17.12.2018 को श्री एस.जे.मंडल, उप मुख्य इंजीनियर/नि/अभिकल्प-1 ने उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण का पदभार ग्रहण किया ।

# राजभाषा अधिकारी/नि को सेवानिवृत्ति पर भाव-भीनी विदाई

श्रीमती मुन मुन शर्मा, राजभाषा अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर सीमा रेल लगभग 30 वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद दिनांक 28.09.2018 को सेवानिवृत्त हुईं । उनकी सेवानिवृत्ति पर राजभाषा विभाग/निर्माण ने उन्हें भाव-भीनी विदाई दी । आपके कार्यकाल में इस संगठन ने राजभाषा के क्षेत्र में कई उपलब्धियॉ हासिल की हैं। आपके बहुमूल्य सुझाव एवं मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग द्वारा कई नए सृजानत्मक कार्य प्रतिपादित हुए हैं जिसके लिए विभाग को प्रशंसा भी मिली है ।

आप, अत्यंत परिश्रमी, कर्त्तव्यनिष्ठ तथा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहीं हैं और हमारे मनोबल तथा कार्यशैली को उन्नत करने में भी प्रेरणास्रोत रहीं हैं। राजभाषा विभाग आपके सुखद सेवानिवृत्त जीवन व पारिवारिक समृद्धि की कामना करता है ।